रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग III—खण्ड 4
PART III—Section 4
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 183] नई दिल्ली, मंगलवार, जून 17, 2014/ज्येष्ठ 27, 1936
No. 183] NEW DELHI, TUESDAY, JUNE 17, 2014/JYAISTHA 27, 1936

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

अधिसूचना

मुंबई, 13 जून 2014

सं.टीएएमपी/9/2013-वीपीटी.—महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 (1963 का 38) की धारा 48, 49 और 50 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण, डॉक एरिया (गोदी क्षेत्र) के परिसर से आयात सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो न हटाये जाने पर दंड लगाने के लिए विशाखापत्तनम् पत्तन न्यास से प्राप्त प्रस्ताव को, इसके साथ संलग्न आदेश के अनुसार, एततद्वारा निपटाता है ।

महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण

प्रकरण सं.टीएएमपी/9/2013-वीपीटी

विशाखापत्तनम् पत्तन न्यास --- आवेदक

गणपूर्ति

(i). श्री टी.एस. बालासुब्रमणियन, सदस्य (वित्त)

(ii). श्री सी.बी. सिंह, सदस्य (आर्थिक)

आदेश

(मई 2014 के 20वें दिन पारित)

यह प्रकरण, डॉक एरिया (गोदी क्षेत्र) के परिसर से आयात सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो न हटाए जाने पर दंड लगाने के लिए विशाखापत्तनम् पत्तन न्यास (वीपीटी) द्वारा दाखिल किये गये प्रस्ताव से संबंधित है।

2.1. वीपीटी ने, दिनांक 31 जनवरी 2013 के अपने पत्र के जरिए गोदी क्षेत्र के परिसर के अंदर प्रदत्त स्टेकिंग क्षेत्र से आयात सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो को न हटाए जाने के लिए दंड लगाने हेतु प्रस्ताव किया है। वीपीटी द्वारा, इस संबंध में उठाए गए मुख्य बिंदु, नीचे संक्षेप में दिये गए है:

(i). पत्तन के उपयोगकर्त्ताओं को, जो आयात सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो का प्रहस्तन करते हैं, यह सुझाव दिया गया है कि वे गोदी क्षेत्र परिसर के अंदर प्रदत्त स्टेकिंग क्षेत्र से कथित कार्गो को तुरंत हटा दिया करें।

(ii). इस प्रकार के कार्गो को न हटाए जाने से गोदी क्षेत्र में भीड़-भाड़ हो गई है एवं गोदी क्षेत्र के अंदर आने-जाने वाले भारी वाहनों के निर्बाध आवागमन में रुकावट आ रही है। आज की तारीख में, (गोदी क्षेत्र की) जमीन पर रखा आयात सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो 7,**350** पैकेज़स/36420 मीट्रिक टन्स है।

(iii). भीड़-भाड़ कम करने के लिए, आयातकों/प्रहस्तन एजेन्टों के साथ 12 जुलाई 2012, 20 जुलाई 2012 और 1 अगस्त 2012 को शृंखलाबद्ध रूपसे मीटिंग ली गई थी। प्रहस्तन एजेंटों के साथ मीटिंग के दौरान, अर्थ दंड लगाने हेतु निम्नलिखित प्रस्ताव पर चर्चा की गई थी:

क्रं सं.	अवधि	वर्णन
01.	01 दिन से 10 दिनों के लिए (परिपत्र जारी करने के 7 दिनों बाद)	दरमान के अनुसार नि:शुल्क दिन
02.	11 दिनों से 25 दिनों तक	दरमान के अनुसार प्राभार एक ही गुना प्रभार वसूल किया जाएगा।
03.	26 दिनों से 40 दिनों तक	दरमान के अनुसार 05 गुना
04.	41 दिनों से 55 दिनों तक (15 दिन)	दरमान के अनुसार 10 गुना
05.	55 दिनों से आगे	दरमान के अनुसार 10 गुना

(iv). प्रस्तावित दंड लागू करने से पहले, सभी आयातकर्त्ता/प्रहस्तन एजेंटों को गोदी क्षेत्र से कार्गो निकासी के लिए एक सप्ताह का समय दिया जाएगा। अनुबद्ध निर्धारित समय के बाद, प्रस्तावित अर्थ दंड 1 अगस्त 2012 से लगाया जाने लगेगा।

(v). तदनुसार, मार्च 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.17.1। से 2.17.3 के प्रावधानों के अनुसार, अपेक्षित मामलों में प्रस्तावित दंड को तदर्थ आधार पर लागू करने हेतु पत्तन द्वारा दिनांक 25 जनवरी 2013 को एक परिपत्र जारी किया गया था।

2.2. तदनुसार, पत्तन ने प्रस्तावित दंड प्रभारों को अनुमोदन प्रदान करने और अधिसूचित करने का अनुरोध किया है।

3. इस संबंध में, दिनांक 12 फरवरी 2013 के हमारे पत्र के जरिए निम्नलिखित बिंदुओं को वीपीटी के ध्यान में लाया गया था:

(i). 2005 के मार्गदर्शियों की धारा 2.17.1 से 2.17.3 के अनुसार, अधिसूचित दरमान में जब किसी एक सेवा/कार्गो हेतु कोई विशिष्ट दर मौजूद नहीं होती है, (तब) पत्तन एक उपयुक्त प्रस्ताव दाखिल कर सकता है। प्रस्ताव दाखिल करने के साथ-साथ, प्रस्तावित दर, अंतिम दर अधिसूचित किए जाने तक, तदर्थ आधार पर लगाई/वसूल की जा सकती है। अंतरिम अवधि के दौरान प्रचलित की जाने वाली दर, तुलनात्मक/सादृश्य सेवाओं/कार्गो हेतु अधिसूचित प्रशुल्कों के आधार पर प्राप्त की जानी चाहिए; और, इस (दर) पर पत्तन/टर्मिनल और संबधित उपयोगकर्त्ताओं के बीच परस्पर सहमति होनी चाहिए।

(ii). देखा गया है कि वीपीटी के दिनांक 31 जनवरी 2013 के पत्र के माध्यम से इस प्राधिकरण को अग्रेषित दिनांक 1 अगस्त 2012 की बैठक के कार्यवृत्त में गोदी क्षेत्र के परिसर से आयात सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो न हटाए जाने के लिए वीपीटी द्वारा प्रस्तावित अर्थ-दंड प्रभार लगाने के लिए उपयोगकर्त्ताओं की सहमति नही है।

अतएव, वीपीटी से अनुरोध किया गया था कि वह मार्गदर्शियों का अनुपालन करे और संबद्ध उपयोगकर्त्ताओं की सहमति प्रस्तुत करे। वीपीटी को यह भी सूचित किया गया था कि मार्च 2005 के मार्गदर्शियों का अनुपालन न करने पर, तदर्थ आधार पर दंड प्रभारों की वसूली के लिए अनुमोदन देना इस प्राधिकरण के लिए संभव नाही होगा।

4.1. चूंकि पत्तन ने उपयोगकर्त्ताओं की सहमति प्रस्तुत नही की थी, इसलिए दिनांक 22 फरवरी 2013 के हमारे पत्र के माध्यम से पत्तन से दोबारा अनुरोध किया गया था कि वह उपयोगकर्त्ताओं की अपेक्षित सहमति प्रस्तुत करे । पत्तन ने कहा था कि, चूंकि यह प्रस्ताव दंड वसूल करने से संबंधित है, व्यापार जगत इसका विरोध करेगा और इसलिए उनकी सहमति हासिल करना संभव नही होगा।

4.2. वीपीटी द्वारा अग्रेषित 25 जनवरी 2013 के परिपत्र सं. 366 (दिनांक 31 जनवरी 2013) का पैराग्राफ 3 कहता है कि गोदी क्षेत्र में लंबे समय से पड़े हुए कार्गो की त्वरित निकासी के संबंध में कोई सकारात्मक रूख नही है। इसलिए, वीपीटी ने एक अंतिम दंडात्मक उपाय के तौर पर निर्णय लिया है कि, गोदी क्षेत्र से **कन्साइन्मैट** हटाने के लिए, परिपत्र जारी करने की तिथि अर्थात 31 जनवरी 2013 से एक सप्ताह समय प्रदान करने के बाद, निम्नलिखित अर्थ दंड वसूल किया जाएगा:

क्रं सं	सामान्य कार्गो	परियोजना कार्गो	वर्णन
1.	1ले दिन से 5वें दिन तक	1ले दिन से 10वें दिन तक	दरमान के अनुरूप नि:शुल्क अवधि
2.	6टे दिन से 25वें दिन तक	11वे दिन से 25वें दिन तक	दरमान के अनुरूप एक गुना प्रभार वसूल किया जाएगा।
3.	26वें दिन से 40वें दिन तक	26वें दिन से 40वें दिन तक	दरमान के अनुरूप 5 गुना
4.	41वें दिन से 55वें दिन तक	41 वें दिन से 55वें दिन तक	दरमान के अनुरूप 10 गुना
5.	55वें दिन के बाद	55वें दिन के बाद	दरमान के अनुरूप 10 गुना

परिपत्र में यह उल्लेख किया गया है कि परिपत्र 1 अगस्त 2012 से प्रभावी है।

4.3. उपरोक्त संदर्भ में, वीपीटी के प्रचलित दरमान में नि:शुल्क अवधि और विलंब शुल्क दर्शानेवाली अनुसूचियाँ, जो क्रमशः अनुसूची 4.6.1. और 4.6.2. पर प्रदत्त हैं और जैसाकि आयात सामान्य कार्गो और परियोजना कार्गो पर लागू होगी, नीचे पुनःप्रस्तुत की गई है:

***4.6.1.* पारगमन (ट्रांसिट) आवास में नि:शुल्क भंडारण अवधि**

	विवरण	नि:शुल्क अवधि
1.	आयात कार्गो *i.* आयात कार्गो *ii.* परियोजना कार्गो	 *5* दिन *10* दिन
2.	निर्यात कार्गो	*30* दिन

***4.6.2.* विलंब प्रभार:**

मद सं.	विवरण	देय प्रभार
1.	नि:शुल्क अवधि की समाप्ति के बाद पहले 6 दिनों के लिए	₹ *18.00* प्रति टन /घन. मी यां उसका अंश प्रति तीन दिन यां उसका अंश के लिए
2.	अगले छः दिनों के लिए	₹ *36.00* प्रति टन /घन. मी यां उसका अंश प्रति तीन दिन यां उसका अंश के लिए
3.	उसके बाद	₹ *18.00* प्रति टन /घन. मी यां उसका अंश प्रति तीन दिन यां उसका अंश के लिए

4.4. इस प्रकार, यह देखा गया है कि वीपीटी ने दिनांक 31 जनवरी 2013 के अपने प्रस्ताव के विवरण में कहा है कि नि:शुल्क दिन वीपीटी के दरमान के अनुरूप लागू होंगे किंतु प्रस्तावित दंड शुल्क को सामान्य आयात कार्गो और परियोजना कार्गो बीच, इस पर गौर करते हुए कि प्रचलित दरमान में दोनों कार्गो समूहों के लिए अलग अलग नि:शुल्क अवधि निर्धारित है, विभाजित नहीं किया है । संक्षेप में, दिनांक 31 जनवरी 2013 के प्रस्ताव में, 10 दिनों की नि:शुल्क अवधि के उपरांत दोनों कार्गो समूहों के लिए दंड वसूली हेतु अवधि समान रूप से प्रस्तावित है हालाँकि इस प्रकार का विभाजन, व्यापार जगत को जारी किए गए दिनांक 25 जनवरी 2013 के परिपत्र में, जैसाकि उपरोक्त पैरा 4.3. कहा गया है, उपलब्ध है।

5.1. इस दरम्यान, प्रदत्त परामर्शी प्रक्रिया का अनुसरण करते हुए, वीपीटी से प्राप्त दिनांक 31 जनवरी 2013 के प्रस्ताव की एक प्रति, उनकी टिप्पणी मांगते हुए, सम्बद्ध उपयोगकर्त्ताओं / उपयोगकर्त्ता संगठनों को परिचालित की गई थी। मेसर्स एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड और लैंकों अमरकंटक पावर लिमिटेड ने वीपीटी द्वारा प्रस्तावित दंड पर अपनी टिप्पणियाँ प्रस्तुत की है। मेसर्स एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड, जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड और लैंकों अमरकंटक पावर लिमिटेड से प्राप्त टिप्पणियों को प्रतिपूरक जानकारी के रूप में वीपीटी को भेज दिया गया था। वीपीटी ने, निरंतर याद दिलाने के बावजूद, इन उपयोगकर्ताओं की टिप्पणियों पर अपनी टिप्पणी नहीं दी है।

5.2. यहाँ यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि, संयुक्त सुनवाई समाप्त होने के बाद, मेसर्स एमबीपीएल ने अपने बिन्दुओं को दोहराते हुए दोबारा टिप्पणी प्रस्तुत की है। वास्तविक रूप में, अन्य दो उपयोगकर्त्ताओं द्वारा प्रस्तुत टिप्पणियाँ भी इसी प्रकार है। हालांकि वीपीटी ने उपयोगकर्त्ताओं द्वारा प्रस्तुत टिप्पणियों पर पृथक रूप से अपनी टिप्पणी नहीं दी है, इसने अन्य उपयोगकर्त्ताओं द्वारा उठाए गए बिन्दुओं को भी संबोधित करते हुए, दिनांक 20 दिसंबर 2013 के अपने पत्र के माध्यम से एमबीपीएल की टिप्पणियों पर अपनी टिप्पणी, प्रस्तुत की।

6.1. प्रस्ताव की प्रारंभिक छानबीन के आधार पर, दिनांक 5 मार्च 2013 के हमारे पत्र के माध्यम से वीपीटी से कुछ बिंदुओं पर अतिरिक्त जानकारी /स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया था। वीपीटी ने दिनांक 5 अप्रैल 2013 के अपने पत्र के जरिये जवाब दिया है। हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्नों और वीपीटी द्वरा प्रस्तुत जवाब का सारांश नीचे तालिका में दिया गया है:

क्रं सं.	हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्न	वीपीटी द्वरा प्रस्तुत जवाब
(i)	वीपीटी, प्रस्तावित अर्थ दंड स्लैब ढांचा का आधार प्रस्तुत करे।	(क) प्रचलित दरमान में, सामान्य/परियोजना कार्गो के संबंध में, निर्धारित नि:शुल्क अवधि की समाप्ति के बाद विलंब प्रभार वसूल किये जाने के लिए प्रावधान पहले से ही मौजूद है। कथित प्रावधान की उपस्थिति के बावजूद, आयातक/प्रहस्तन एजेंट्स अपने कार्गो नहीं निकाल रहे है बल्कि वे कार्गो को महीनों तक गोदी क्षेत्र में ही रहने दे रहे हैं। (ख) इससे, गोदी क्षेत्र में भीड़-भाड़ बढ़ रही है और गोदी क्षेत्र के भीतर भारी वाहनों के आवागमन में बाधा हो रही है। (ग) ट्रांसिट (पारगमन) क्षेत्र की कमी के कारण, कुछ पोत पड़ोसी पत्तन की ओर जा रहे हैं। (घ) इसलिए, आयातक / प्रहस्तन एजेंटों के साथ अनेक बैठकें लेने के बाद, प्रचलित दरमान में मौजूद (दंड) के अलावा, इसने प्रस्तावित उच्चतर दंड स्लैब संरचनाएं तैयार की हैं, ताकि कुछ अनुशासन लाया जासके और गोदी क्षेत्र से कार्गो निकासी हेतु छोटी समय सीमा का पालन किया जा सके।
(ii)	वीपीटी, इन अर्थ दंड प्रभारों के जरिए प्राप्त होने वाला वार्षिक अतिरिक्त राजस्व, परिकलनों के साथ, प्रस्तुत करे।	(क) पत्तन का उद्देश्य प्रस्तावित प्रभारों के जरिए कोई अतिरिक्त राजस्व प्राप्त करना नहीं बल्कि कार्गो की त्वरित निकासी सुनिश्चित करना है इससे पत्तन सीमित क्षेत्र के जरिए ही अधिक

		पोतों का प्रहस्तन कर सकेगा और प्रदत्त सीमित स्थान से अधिक कार्गो थ्रूपुट हासिल कर सकेगा। (ख) यह उल्लेख करना आवश्यक होगा कि, पत्तन, आयातकों एवं निर्यातकों के लिए सुविधा उपलब्ध करवाता है और पत्तन प्रचालनों के लिए ट्रांसिट (पारगमन) क्षेत्र महत्वपूर्ण है। अतएव, नि:शुल्क अवधि की समाप्ति के बाद भी, इस (क्षेत्र) का उपयोग स्टेकिंग/ भंडारण क्षेत्र के रूप में किया जाना पत्तन प्रचालनों पर बेहद प्रभावित कर रहा है। (ग) भीड़-भाड़ की समस्या पर बात करने हेतु आयातकों और उनके प्रहसन एजेंटों के साथ अनेक बैठकें ली गई थीं, किंतु किसी ने भी वीपीटी के अनुरोध पर ध्यान नहीं दिया है। इसलिए, वीपीटी ने दंडात्मक प्रावधान लागू करने का निर्णय लिया है जो आयातकों/प्रहस्तन एजेन्टों को उपलब्ध पारगमन क्षेत्र का इष्टतम उपयोग करने की दिशा में प्रेरित/प्रोस्ताहित करेगा। (घ) यह भी सूचित करना है कि दंडात्मक विलंब प्रभारों के जरिए प्राप्त की जाने वाली अतिरिक्त आय का अनुमानन इस समय नहीं लगाया जा सकता है, क्योंकि वह दंडात्मक प्रावधानों को अमल किए जाने के बाद कार्गो के पड़ाव समय पर निर्भर रहेगा जिसका अंदाज़ फिलहाल नहीं लगाया जा सकता है।
(iii)	ध्यान हो कि वीपीटी ने अपने दरमान के सामान्य संशोधन हेतु अपना प्रस्ताव दाखिल किया है। तदनुसार वीपीटी यह पुष्टि करे कि पत्तन द्वारा 2013-14 से 2015-16 तक के वर्षों के लिए तैयार किए गए आय अनुमानन में, दंडात्मक भंडारण प्रभारों के जरिए पत्तन को प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय को भी शामिल किया गया है।	उपरोक्त मद (2) पर दी गई हमारी टिप्पणियों पर गौर करते हुए, आय अनुमानों में दंडात्मक प्रभारों की वसूली के जरिए प्राप्त होने वाली आय को शामिल करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।
(iv)	वीपीटी ने दिनांक 31 जनवरी, 2013 के अपने पत्र में कहा है कि कार्गो का ट्रांसिट (पारगमन) समय असाधारण रूप से बढ़ गया है परिणामस्वरूप भीड़भाड़ बढ़ गई है। इस संदर्भ में, वीपीटी, पिछले तीन वर्षों के दौरान गोदी क्षेत्र से कार्गो नहीं हटाए जाने के कारण घटी भीड़भाड़ घटनाओं की संख्या, कार्गो नहीं हटाए जाने के लिए कारण भी देते हुए, प्रस्तुत करें। .	(क) पिछले 3 वर्षों के महीना-वार सामान्य/परियोजना कार्गो की भूमि पर स्टॉक स्थिति प्रस्तुत की गई है। (ख). विवरणी से यह साफ-साफ स्पष्ट होता है कि वर्ष 2010-11 में, किसी भी एक समय, भूमि पर स्टॉक 14087 मीट्रिक टन से अधिक नहीं था, जबकि वर्ष 2011-12 में, मई, 2011 में भूमि पर स्टॉक 58061 मीट्रिक टन तक पहुँच गया था। वर्ष 2012-13 में भी, मई, 2012 के दौरान सामान्य कार्गो का अधिकतम भूमि पर स्टॉक 54823 मीट्रिक टन है। (घ) इस प्रकार, यह स्पष्ट है कि आयातकों द्वारा परियोजना/ सामान्य कार्गो नहीं हटाए जाने के कारण, (कार्गो) संचय चरम स्तर अर्थात् 54823 मीट्रिक टन तक पहुँच गया है।
(v)	वीपीटी ने दिनांक 25 जनवरी, 2013 के अपने परिपत्र में कहा है कि यदि आयातक /निकासी एवं मालवाहक एजेन्ट्स (सी एवं	कार्गो की नीलामी नहीं की जा स्की थी क्योंकि कुछ आयातक/ प्रहस्तन एजेंट्स समय-समय पर दरमान के अनुसार विलब प्रभारों का भुगतान करते रहे हैं। तथापि, वे अपने कार्गो को, यह कारण

	एफ़ एजेन्ट्स) कार्गो को गोदी क्षेत्र से हटाने में असफल रहेंगे तो, एमपीटी अधिनियम 1963 की धारा 61 एवं 62 के प्रावधानों के अनुरूप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से कार्गो बेच दिया जाएगा। इस संदर्भ में, वीपीटी सूचित करे कि क्या इस प्रसंग में पत्तन द्वारा अब तक कोई नीलामी प्रक्रिया प्रारंभ की गई है?	बताते हुए कि सीमाशुल्क दस्तावेज़ लंबित है, नहीं हटा रहे हैं।
(vi)	वीपीटी यह पुष्टि करे कि क्या प्रस्तावित दंडात्मक भंडारण प्रभार केवल 'परियोजना कार्गो' पर ही लागू होंगे और आयात सामान्य कार्गो पर लागू नहीं होंगे क्योंकि दंडात्मक भंडारण स्लैब ढांचे में प्रदत्त 10 दिन की नि:शुल्क अवधि केवल परियोजना कार्गो से ही संबंधित है।	प्रस्तावित दंडात्मक प्रभार दोनों पर अर्थात् सामान्य कार्गो के साथ- साथ परियोजना कार्गो पर भी लागू होंगे । इस संबंध में जारी किया गया परिपत्र स्वयं स्पष्टकारी है।
(vii)	वीपीटी दरमान में शामिल करने के लिए प्रावधान का मसौदा और उसे शासित करने वाली शर्तें, प्रस्ताव, प्रस्तुत करे।	(क) इसके परिपत्र सं. 366 दिनांक 31 जनवरी, 2013 के जवाब में, कुछ आयातकों/प्रहस्तन एजेंटों ने अभ्यावेदन दिया है कि या तो प्रस्तावित अर्थ दंड की वसूली रोके अथवा गोदी क्षेत्र से कार्गो हटाने के लिए प्रदत्त समय सीमा बढ़ा दें । (ख) उनके अनुरोधों पर गौर करते हुए, पत्तन कार्यकारी समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि गोदी क्षेत्र से सामान्य /परियोजना कार्गो को हटाने के लिए उन्हें कुछ अधिक समय दिया जाए। (दिनांक 21 मार्च, 2013 की बैठक की अहस्ताक्षरित कार्यवृत्त प्रति संलग्न है।) (ग) तदनुसार, परिपत्र सं. 366-क दिनांक 22 मार्च, 2013 (प्रति संलग्न) गोदी क्षेत्र से कार्गो हटाने के लिए 15 अप्रैल, 2013 तक समय देते हुए, जारी किया गया था। (घ) जैसाकि विषयगत प्रस्ताव प्रचलित दरमान में उल्लिखित दरों से अधिकतम 10 गुना तक का अर्थ दंड लगाने के लिए है, व्यापार जगत इसका विरोध कर सकता है। इसलिए, उनकी पूर्ण सहमति प्राप्त करना संभव नही होगा। दूसरी ओर यदि अर्थ दंड की वसूली नहीं की जाएगी तो, गोदी क्षेत्र से, जो पहले ही कार्गो से भरा हुआ है, कार्गो को त्वरित गति से हटाना बिलकुल संभव नहीं होगा। (ङ) उपर्युक्त पर ध्यान देते हुए, प्राधिकरण से अनुरोध किया जाता है कि वह निम्नलिखित शर्तों और दरों के अनुसार अर्थ दंड अनुमोदित करे और अधिसूचित करे: "4.6.2.(ख): <u>आयात सामान्य / परियोजना कार्गो हेतु विलंब प्रभार:</u> विलंब प्रभार आयात सामान्य / परियोजना कार्गो पर निम्न प्रकार से लागू किए जाते हैं:

क्र. सं.	सामान्य कार्गो	परियोजना कार्गो	वर्णन
1.	1ले दिन से 5वें दिन तक	1ले दिन से 10वें दिन तक	दरमान के खंड 4.6.1. के अनुरूप नि:शुल्क अवधि
2.	6टे दिन से 25वें दिन तक	11वें दिन से 25वें दिन तक	दरमान के खंड 4.6.2. अनुरूप एक ही गुना प्रभार वसूल किए जाएगा।
3.	26वें दिन से 40वें दिन तक	26वें दिन से 40वें दिन तक	दरमान के खंड 4.6.2. में उल्लिखित दरों का 5 गुना
4.	41वें दिन से आगे	41वें दिन से आगे	दरमान के खंड 4.6.2. में उल्लिखित दरों का 10 गुना

"

उपर्युक्त के अलावा, प्रचलित दरमान के खंड 4.6.2. का उप-शीर्षक अर्थात "निर्यात / आयात कार्गो पर विलंब प्रभार" को भी संशोधित करे और "आयात सामान्य / परियोजना कार्गो को छोड़कर निर्यात / आयात कार्गो हेतु विलंब शुल्क" के रूप में अधिसूचित करे।

6.2. वीपीटी ने, (हमारे द्वारा) उठाए गए प्रश्नों पर प्रतिक्रिया प्रस्तुत करते हुए, परिपत्र सं. 366-क दिनांक 22 मार्च, 2013 की एक प्रति अग्रेषित की है , जिसकी एक प्रति दिनांक 5 अप्रैल, 2013 के इसके जवाब के साथ अनुलग्नक-III के रूप में संलग्न है। व्यापार जगत को जारी किया गया कथित परिपत्र आयातकों और प्रहस्तन एजेंटों को 15 अप्रैल, 2013 के पहले या उस तिथि तक (उनके) कार्गो को हटाने के लिए अनुमति प्रदान करता है, जिसके बाद (अर्थात 15 अप्रैल, 2013 के बाद) पत्तन अर्थ दंड लगाने का प्रस्ताव करता है (प्रभार्य अर्थ दंड दिनांक 31 जनवरी, 2013 के इसके परिपत्र के मुताबिक ही होगा)। परिपत्र कहता है कि प्रस्तावित प्रभार, 22 मार्च, 2013 के गोदी क्षेत्र में पड़े सभी आयात सामान्य / परियोजना कार्गो पर लागू होगा और परिपत्र की तिथि के बाद अर्थात 23 मार्च, 2013 और उसके बाद पत्तन में उतारे गए परियोजना/ सामान्य कार्गो पर प्रस्तावित अर्थ दंड सीधा लागू किया जाएगा।

7.1. इस प्रकरण में 20 सितंबर, 2013 को वीपीटी परिसर में संयुक्त सुनवाई आयोजित की गई थी। संयुक्त सुनवाई में, वीपीटी और सम्बद्ध उपयोक्ता / संगठन निकायों ने अपने-अपने पक्ष रखे।

7.2. संयुक्त सुनवाई में, अधिकतर उपयोक्ताओं ने प्रस्तावित अर्थ दंड का विरोध किया और यह भी उल्लेख किया कि परियोजना कार्गो हेतु मौजूदा 10 दिनों की नि:शुल्क अवधि बहुत ही कम है।

7.3. इस संबंध में, जैसाकि संयुक्त सुनवाई में वीपीटी ने स्वीकार किया है, वीपीटी से अनुरोध किया गया था कि उपयोक्ताओं के अनुरोध का अध्ययन किया जाए, और प्रस्तावित अर्थ दंड को कम किए जाने की संभावना पर विचार किया जाए। वीपीटी से यह अनुरोध भी किया गया था कि क्या प्रस्तावित शुल्क को भावी प्रभाव से लागू कि जा सकता है।

7.4. वीपीटी ने दिनांक 26 फरवरी, 2014 के अपने पत्र के जरिए अपना जवाब प्रस्तुत किया है। वीपीटी ने कहा है कि प्रस्तावित अर्थ दंड को कम करना संभव नही है। वीपीटी ने प्रस्तावित लेवी को पूर्वव्यापी प्रभाव दिये जाने हेतु किया गया अपना अनुरोध दोहराया है।

8.1. एमबीपीएल ने संयुक्त सुनवाई के बाद, दिनांक 4 अक्तूबर, 2013 के अपने पत्र के जरिए विषयगत प्रस्ताव पर अपनी अतिरिक्त टिप्पणी प्रस्तुत की है, जिसकी एक प्रति वीपीटी को इसकी टिप्पणियों के लिए अग्रेषित की गई थी।

वीपीटी ने दिनांक 20 दिसंबर, 2013 के अपने पत्र के जरिए एमबीपीएल की टिप्पणियों पर, अपनी टिप्पणी प्रस्तुत की है।

8.2. इस प्रकार, संक्षेप में, पूर्वगत पैराग्राफों से यह देखा जा सकता है कि हमारे द्वारा उठाए गए प्रश्नों का जवाब देते हुए और साथ ही एमबीपीएल की टिप्पणियों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए, वीपीटी ने, अपने प्रारंभिक प्रस्ताव के समक्ष, निम्नलिखित संशोधन प्रस्तावित किये हैं:

(i). प्रारंभिक प्रस्ताव में, वीपीटी ने नि:शुल्क अवधि के बाद भी (गोदी में) में रखे रह गए परियोजना / आयात कार्गो हेतु, दरमान में प्रदत्त विलंब शुल्क से जोड़ते हुए, अर्थ दंड प्रभारों के लिए पृथक अनुसूची हेतु प्रस्ताव रखा था। इस बार वीपीटी ने प्रचलित विलंब शुल्क में संशोधन के रूप में प्रस्तावित अर्थ दंड की वसूली हेतु प्रस्ताव दिया है और एक पृथक अनुसूची 4.6.2.(ख) शामिल करने के लिए प्रस्तावित है जो नीचे दी गई है:

"4.6.2(ख) आयात सामान्य कार्गो / परियोजना कार्गो हेतु विलंब प्रभार:

क्रं सं.	सामान्य कार्गो	परियोजना कार्गो	विवरण
1.	1ले दिन से 5वें दिन तक	1ले दिन से 10वें दिन तक	दरमान की धारा 4.6.1. के अनुसार नि:शुल्क अवधि
2.	6टें दिन से 25वें दिन तक	11वें दिन से 25वें दिन तक	दरमान की धारा 4.6.2. के अनुसार एक गुना प्रभार वसूल किया जाएगा।
3.	26वें दिन से 40वें दिन तक	26वें दिन से 40वें दिन तक	दरमान की धारा 4.6.2. में वर्णित दरों का 5 गुना वसूल किया जाएगा।
4.	41वें दिन के बाद	41वें दिन के बाद	दरमान की धारा 4.6.2. में वर्णित दरों का 10 गुना वसूल किया जाएगा।

"

(ii). फलस्वरूप, प्रचलित दरमान में मौजूदा अनुसूची 4.6.2. का शीर्षक "निर्यात/आयात कार्गो पर विलंब प्रभार" को "आयात सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो छोड़कर निर्यात/आयात कार्गो हेतु विलंब प्रभार" के रूप में संशोधित करने के लिए प्रस्तावित है।

(iii). पिछली बार, वीपीटी ने दिनांक 20 दिसंबर, 2013 के अपने पत्र के माध्यम से परियोजना कार्गो हेतु नि:शुल्क अवधि को प्रचलित 10 दिन से 20 दिन तक बढ़ाने हेतु मान लिया था।

(iv). इस बदलाव के फलस्वरूप, वीपीटी ने पत्र सं. एफ़ए/कॉस्ट/एसओआर/16, दिनांक 19 नवंबर, 2013 के अपने पत्र के जरिए अपने सामान्य संशोधन प्रस्ताव के संदर्भ में मसौदा दरमान भेजते हुए, प्रचलित दरमान में परियोजना कार्गो हेतु प्रदत्त 10 दिन की नि:शुल्क अवधि को 20 दिन संशोधित कर दिया है। परिणामस्वरूप, परियोजना कार्गो की विलंब अनुसूची के पहले दो ढ़ाचों को भी उचित रूप से संशोधित कर दिया गया है जैसाकि पहले दिन से 10वें दिन की नि:शुल्क अवधि के जगह 1ले दिन से 20वें दिन तक नि:शुल्क अवधि, और दूसरे ढांचे में विलंब प्रभार 11वें दिन से 20वें दिन के स्थान पर 20वें दिन से 25वें दिन तक संशोधित कर दिया गया है, जैसाकि पत्तन ने अपने नूतन प्रस्ताव में दिया है।

9. इस मामले में परामर्श संबंधी कार्यवाही इस प्राधिकरण के कार्यालय के अभिलेख में उपलब्ध है। इस संबंध में प्राप्त टिप्पणियों तथा संबंधित पक्षकारों की दलीलों का सारसंक्षेप को अलग से संबंधित पक्षकारों को भेजा जाएगा। यह विवरण हमारी वेबसाइट **http://tariffauthority.gov.in** पर भी उपलब्ध कराया जाएगा।

10. इस प्रकरण पर प्रक्रिया किए जाने के दौरान संग्रहित सूचना कि समग्रता के संदर्भ से निम्नलिखित स्थिति उभरती है:

(i) विशाखापत्तनम् पत्तन न्यास (वीपीटी) का प्रस्ताव आयात सामान्य कार्गो और परियोजना कार्गो पर, जो लंबे समय से गोदी क्षेत्र में भंडारण किया गया है, अर्थ दंड लगाने के लिए है। वीपीटी के प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य

आयात परियोजना कार्गो और आयात सामान्य कार्गो को प्रदत्त समय से अधिक समय के लिए गोदी क्षेत्र में रखे जाने को हतोत्साहित करना है और यह भी सुनिश्चित करना है कि आयातक/निर्यातक पत्तन के गोदी क्षेत्र से इस कार्गो को त्वरित गति से हटाने हेतु आवश्यक कदम उठाएं।

(ii) जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड (जीसीईएल), एमबी पावर (मध्य प्रदेश) लिमिटेड (एमबीपीएल) और लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड (एलएपीएल) जैसे बहुत सारे उपयोक्ताओं ने स्वयं प्रस्तावित अर्थ दंड का ही विरोध किया है। उन्होंने यह प्रस्तुत किया है कि कार्गो की निकासी हेतु अनुमेय नि:शुल्क अवधि से अधिक समय लगता है और इसके अलावा सीमाशुल्क मंजूरी, पत्तन मंजूरी जैसे दस्तावेज़ तैयार करने में भी बहुत समय लग जाता है। उन्होंने कहा है कि सीमाशुल्क मंजूरी पत्तन मंजूरी हेतु लगभग 10 कामकाजी दिन लग जाते हैं, उसके बाद ही (कार्गो की) निकासी संभव है और जिसके लिए 40 दिन आवश्यक है। अतएव, उपयोक्ताओं ने अनुरोध किया है कि वीपीटी द्वारा प्रस्तावित दर का 5 गुना अथवा 10 गुना प्रस्तावित दंडात्मक (विलंब) प्रभारों को पूर्णतः खारिज कर दिया जाए। उन्होंने, परियोजना कार्गो हेतु नि:शुल्क अवधि को 50 दिनों तक बढ़ाने के लिए भी अनुरोध किया है।

पत्तन ने अपने प्रस्ताव के समर्थन में कहा है कि सामान्य और परियोजना कार्गो के आयातक गोदी क्षेत्र में अपने कार्गो का ढेर महीनों तक लगाए रखते है जिसके परिणामस्वरूप गोदी क्षेत्र में खिकपिच हो जाती है। वीपीटी ने अपने दावे के समर्थन में आकड़े प्रस्तुत किये हैं। बताया जाता है कि पत्तन के गोदी क्षेत्र में 26 पोतों का कार्गो मौजूद है जिसमें से 6 पोतों का कार्गो वर्ष 2011 का है और 10-10 पोतों का कार्गो 2012 और 2013 में से प्रत्येक से संबंधित है। बताया गया है कि औसत ग्राउंड स्टॉक जो जनवरी 2011 में 14,**087** टन था मई 2012 महीने में बढ़कर 54,**823** टन हो गया है। वीपीटी द्वारा आयातकों / प्रहस्तन एजेंटों के साथ ली गई 12 जुलाई 2012 को और बाद में 20 जुलाई 2012 और 1 अगस्त 2012 को ली गई श्रृंकलाबद्ध बैठकों में आयातकों / प्रहस्तन एजेंटों द्वारा गोदी क्षेत्र से कार्गो हटा दिये जाने के बारे में दिये गए आश्वासनों के बावजूद पत्तन द्वारा कार्गो हटाए जाने के संबंध में कोई महत्वपूर्ण सुधार नही सूचित किया गया है। गोदी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्गो-जमाव वाहनों कि हलचल में रुकावट डालता है। इसके आगे, वीपीटी ने बताया है कि पारगमन (ट्रांसिट) क्षेत्र की कमी देखते हुए, अन्यथा वीपीटी पर आने वाले कुछ पोत, पड़ोसी पट्टनों की ओर मोड़ दिये गए हैं जिससे वीपीटी के समग्र राजस्व को बहुत हानि पहुँची है।

भूमी पत्तन का मूल्यवान संसाधन है और इसलिए (इसका) उपयोग इष्टतम ढंग से किया जाना चाहिए। जैसाकि वीपीटी ने सही ही कहा है कि, पत्तन प्रचालनों के लिए ट्रांसिट क्षेत्र बहुत ही निर्णायात्मक है और इसलिए इसका इष्टतम उपयोग किया जाना चाहिए। वीपीटी द्वारा उपलब्ध करवाये गये स्टेकिंग / भंडारण क्षेत्र का उपयोग कार्गो के पारगमन (ट्रांसिट) भंडारण हेतु ही किया जाना चाहिए, भंडारण-गृह (वेयरहाऊस) के रूप में तो बिलकुल नही। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए, गोदी क्षेत्र से आयातित सामान्य / परियोजना कार्गो नही हटाये जाने पर अर्थ दंड लगाने के लिए वीपीटी का प्रस्ताव पर विचार किए जाना एक सशक्त मामला है।

(iii) प्रचलित दरमान में अनुसूची 4.6.1. क्रं.सं. 1(i) और 1(ii) के अंतर्गत क्रमशः सामान्य आयात कार्गो हेतु 5 दिन और आयात परियोजना कार्गो हेतु 10 दिन की नि:शुल्क अवधि प्रदान करता है। वर्तमान प्रस्ताव पर प्रक्रिया के दौरान, एलएपीएल, एमबीपीएल जैसे उपयोगकर्त्ताओं द्वारा परियोजना कार्गो हेतु प्रचलित नि:शुल्क अवधि 10 दिन से बढ़ाकर 50 दिन करने के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, वीपीटी ने उनका अनुरोध स्वीकार कर लिया है और नि:शुल्क अवधि को आंशिक रूप से बढ़ाना मान लिया है और परियोजना कार्गो की नि:शुल्क अवधि को प्रचलित 10 दिनों से बढ़ाकर 20 करने हेतु प्रस्ताव दिया है। उपयोगकर्त्ताओं के अनुरोध के आधार पर, वीपीटी द्वारा आयात परियोजना कार्गो की नि:शुल्क अवधि में वृद्धि हेतु किये गये प्रस्ताव को स्वीकार किया जाता है। यह देखा गया है कि नि:शुल्क अवधि में वीपीटी द्वारा प्रस्तावित वृद्धि का प्रभाव वर्तमान प्रस्ताव में नही दर्शाया गया है। तथापि, पत्तन द्वारा परियोजना कार्गो की नि:शुल्क अवधि में किया गया संशोधन इसके सामान्य संशोधन प्रस्ताव में दाखिल किये गये संशोधित मसौदा दरमान में शामिल किया गया है। तदनुसार, अनुसूची 4.6.1. के अंदर क्रं.सं. 1 (ii) पर प्रदत्त परियोजना कार्गो की नि:शुल्क अवधि को वीपीटी द्वारा किये गये प्रस्ताव

के अनुरूप 20 दिन संशोधित किया गया है। प्रस्तावित लेवी के उद्देश्य के लिए प्रस्तावित स्लैबों पर अनुवर्ती प्रभाव पर भी विचार किया गया है जिसके बारें में आनेवाले पैराग्राफों में चर्चा की गई है।

(iv) (क) वीपीटी के प्रचलित दरमान की अनुसूची 4.6.2., प्रदत्त नि:शुल्क अवधि के बाद आयात कार्गो के साथ-साथ निर्यात कार्गो पर भी लागू किए जाने वाले विलंब प्रभारों को तीन स्लैबों (पायदानों) में प्रदान करती है यथा (i) पहले छः दिनों के लिए ₹ 18.00 प्रति टन /घन. मी अथवा उसके अंश के लिए, प्रति तीन दिन अथवा उसके अंश के लिए (ii) अगले छः दिनों के लिए ₹ 36.00 प्रति टन/घन मी. अथवा उसके अंश के लिए, प्रति तीन दिन अथवा उसके अंश के लिए और (iii) इसके बाद की अवधि हेतु ₹ 18.00 प्रति टन/घन मी. अथवा उसके अंश के लिए, प्रति दिन अथवा उसके अंश के लिए।

(ख) मूल प्रस्ताव में, वीपीटी ने आयातित सामान्य कार्गो और आयातित परियोजना कार्गो पर अर्थ दंड लगाए जाने का प्रस्ताव किया था। प्रस्तावित अर्थ दंड, इसके प्रचलित दरमान की अनुसूची 4.6.2. में प्रदत्त विलंब प्रभारों से जुड़ा हुआ है। वीपीटी द्वारा सामान्य कार्गो हेतु 5 दिनों की नि:शुल्क अवधि के बाद प्रस्तावित दंडात्मक प्रभार, अर्थात 6टे दिन से 25वें दिन के स्लैब हेतु, दरमान में प्रदत्त विलंब दर का एक गुना है। वीपीटी ने अपने मूल प्रस्ताव में परियोजना कार्गो हेतु निःशुल्क अवधि को मौजूदा 10 दिन ही बरकरार रखा था और 11वें दिन से 25वें दिन के स्लैब हेतु प्रस्तावित अर्थ दंड दर, अनुसूची 4.6.2. में प्रदत्त विलंब दर का एक गुना था। वीपीटी द्वारा दोनों कार्गो समूहों के लिए 26वें दिन से 40वें दिन तक, 41वें दिन से 55वें दिन तक और 55वें दिन के आगे की अवधि हेतु अनुसूची 4.6.2. के अनुरूप प्रभार्य विलंब प्रभारों हेतु क्रमशः पांच गुना, दस गुना और दस गुना का अर्थ दंड प्रस्तावित किया गया है।

तदनंतर, वीपीटी ने अपने प्रस्ताव में संशोधन किया है जिसमें अर्थ दंड हेतु पृथक अनुसूची का प्रस्ताव करने के बजाय, इसने अर्थ दंड अनुसूची को प्रचलित विलंब अनुसूची में एक भाग के रूप में सम्मिलित कर दिया है। वीपीटी ने, अपने पिछले प्रस्ताव के स्तर पर ही अर्थ दंड को बरकरार रखते हुए, एक पृथक अनुसूची 4.6.2.(ख) –आयात सामान्य / परियोजना कार्गो हेतु विलंब प्रभार समाविष्ट करने के लिए प्रस्ताव रखा है।

समाविष्ट किए जाने के लिए प्रस्तावित कथित पृथक विलंब शुल्क अनुसूची में, वीपीटी ने, नि:शुल्क अवधि के बाद अर्थात सामान्य कार्गो हेतु 6टे दिन से 25वें दिन तक और परियोजना कार्गो हेतु 11वें दिन से 25वें दिन तक, प्रचलित विलंब प्रभारों को बरकरार रखने के लिए प्रस्ताव दिया है। दंडात्मक स्वरूप के विलंब प्रभारों को 26वें दिन के आगे, प्रचलित विलंब प्रभारों के पांच गुना और दस गुना की दर पर वसूल किए जाने के लिए प्रस्तावित है। असल में, पत्तन ने प्रस्तावित विलब अनुसूची में स्लैब्स और दरों को अपने मूल प्रस्ताव के स्तर पर ही रखा है।

वीपीटी का परिष्कृत प्रस्ताव, वीपीटी के दरमान में प्रचलित विलंब प्रभारों को संशोधित करना आवश्यक बनदेता है। इन पर कार्रवाई सामान्यतः पत्तन के दरमान के सामान्य संशोधन के समय पर की जानी है। वीपीटी ने अर्थ-दंड प्रभारों को विलंब प्रभारों से एकीकृत करने के प्रस्तावित बदलाव हेतु कोई विशिष्ट कारण नही बाताया है । तथापि, यह देखा जा सकता है कि परिष्कृत प्रस्ताव यह सुनिश्चित करने में मददगार हो सकता है कि सामान्य कार्गो/परियोजना कार्गो के एक ही पड़ाव समय के लिए, विलंब प्रभार और अर्थ दंड के रूप में दो बार प्रभारों की वसूली न हो जाए।

इसके अलावा, विलंब शुल्क दरों में एकाएक अत्यधिक वृद्धि मुख्य रूपसे अनुशासन लाने के लिए और गोदी से कार्गो हटाए जाने के लिए कमतर समय सीमाओं का अनुपालन करवाए जाने के लिए प्रस्तावित है। इस प्रस्ताव का आशय/अभीष्ट आयात सामान्य कार्गो एवं आयात परियोजना कार्गो को गोदी क्षेत्र में अधिक समय रखे जाने को हतोत्स्ताहित करना है, जो वीपीटी द्वारा प्रस्तुत किए गए आकड़ों के मुताबिक और पत्तन द्वारा इस कार्गो को हटाए जाने हेतु किए गए सर्व प्रयासों के बावजूद कथित रूप से बहुत समय से गोदी क्षेत्र से हटाया नहीं गया है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए और इस तथ्य पर विचार करते हुए कि वीपीटी के प्रस्ताव, जैसाकि बताया गया है, का उद्देश्य पत्तन के लिए

अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न करना नहीं, यह प्राधिकरण वीपीटी के परिष्कृत प्रस्ताव को, जिसमें विलंब प्रभार अनुसूची और नि:शुल्क अवधि में बदलाव सम्मिलित हैं, स्वीकार करने के लिए तैयार है।

(v) जबकि वीपीटी ने परियोजना कार्गो की नि:शुल्क अवधि को प्रचलित 10 दिन से बढ़ाकर 20 दिन करने के लिए प्रस्ताव रखा है, इसने संशोधित विलंब अनुसूची प्रस्तुत करते समय स्लैबों में उचित समायोजन नही किया है। जैसाकि इसके पहले कहा गया था, वीपीटी ने सामान्य संशोधन प्रस्ताव के संबंध में प्रस्तुत मसौदा दरमान में, जिस पर अलग से कार्रवाई की जा रही है, आयात परियोजना कार्गो और आयात सामान्य कार्गो पर विलंब प्रभार वसूल किए जाने से संबंधित स्लैबों में आवश्यक बदलाव किया है। वीपीटी द्वारा प्रस्तावित नि:शुल्क अवधि में वृद्धि पर गौर करते हुए, परियोजना कार्गो का पहला स्लैब 1ले दिन से 20वें दिन तक नि:शुल्क अवधि के रूप में संशोधित किया गया है। परिणामस्वरूप, परियोजना कार्गो पर विलंब प्रभार वसूल किए जाने के लिए दूसरा स्लैब 21वें दिन से प्रारंभ होना चाहिए। यदि, यह मान लिया गया है कि दूसर स्लैब 21वें दिन से प्रारंभ होकर 25वें दिन को समाप्त होगा, जैसाकि वीपीटी द्वारा प्रस्ताव दिया गया है, तब विलंब की दर लागू करते समय (स्लैबों के) ओवरलैपिंग की संभावना है। प्रस्तावित अनुसूची 4.6.2. (ख) में विलंब प्रभार की उपयकट्टा के लिए, इसे प्रचलित दरमान की अनुसूची 4.6.2. से जोड़ा गया है। प्रचलित दरमान की अनुसूची 4.6.2. छः दिन के स्लैब हेतु विलंब प्रभार प्रदान करती है और इकाई दरें तीन दिन या उसका अंश के लिए प्रदत्त हैं। इस प्रकार, परियोजना कार्गो हेतु 21वें दिन से 25वें दिन तक के स्लैब में विलंब प्रभार लागू करते समय, परियोजना कार्गो के लिए स्लैबों के बीच ओवर लैपिंग की संभावना दिखाई देती है क्योंकि 21वे दिन से 25वें दिन के बीच केवल पांच दिन का अंतर होगा जबकि अनुसूची 4.6.2. में छः दिन का अंतर है। प्रस्तावित अनुसूची के कार्यान्वयन में कठिनाई से बचने के लिए, वीपीटी के प्रस्ताव में प्रदत्त 21वें दिन से 25वें दिन और 26वें दिन से 40वें दिन के स्लैबों के स्थान पर, परियोजना कार्गो के दूसरे स्लैब में 6 दिनों (शामिल करते हुए) 21वें दिन से 26वें दिन तक का और तीसरे ढ़ाचा में 27वे दिन से 40वें दिन तक का उपयुक्त समायोजन और संशोधन करना आवश्यक पाया गया है।

इसके आगे, वीपीटी द्वारा अंतिम स्लैब हेतु अर्थात 55वें दिन और उससे आगे के लिए प्रस्तावित विलंब प्रभार, अनुसूची 4.6.2. में पदत्त दर का 10 गुना है। चूंकि प्रस्तावित दर पिछले स्लैब अर्थात 41वें दिन से 55वें दिन तक (की दर) के बराबर, यह पर्याप्त होगा यदि अंतिम स्लैब को 41वें दिन और आगे जैसा बदल दिया जाए, जो वीपीटी के प्रस्ताव की भी चिंता कर लेगा।

उपरोक्त विश्लेषण की दृष्टि से और परियोजना कार्गो की नि:शुल्क अवधि में वीपीटी द्वारा प्रस्तावित संशोधनों के फलस्वरूप, वीपीटी के प्रस्ताव के अनुरूप, प्रचलित दरमान में अनुसूची 4.6.2.(ख) को शामिल किया जाना अनुमोदित किया जाता है बशर्ते कि स्लैब्स और दरों को सही सही प्रदर्शित किया जाए, जैसे, परियोजना कार्गो हेतु पहल ल्सेब 1ले दिन से 20वां दिन निःशुल्क, दूसरा स्लैब 21वे दिन से 26वें दिनों हेतु अनुसूची 4.6.2. में प्रदत्त दर का एक गुना, 27वें दिन से 40वें दिन तक के तीसरे स्लैब हेतु प्रदत्त दर का पांच गुना, वीपीटी के प्रस्ताव के अनुरूप अंतिम स्लैब 41वें दिन और उस के आगे हेतु अनुसूची 4.6.2. में प्रदत्त दर का 10 गुना।

हालांकि, वीपीटी ने कहा है कि वह प्रस्तावित संशोधन के जरिए अतिरिक्त राजस्व कमाने की अपेक्षा नही कर रही है, वीपीटी से अनुरोध किया जाता है कि वह स्थिति की समीक्षा करे और विलंब प्रभारों में प्रस्तावित संशोधन को प्रदत्त अनुमोदन के जरिए अर्जित होने वाले संभावित राजस्व का आकलन करें और इसके (अतिरिक्त राजस्व के) प्रभाव को अपने सामान्य संशोधन प्रस्ताव में, जो इसे अपने मूल प्रस्ताव को अद्यतन कर के दाखिल करना है, शामिल करने पर विचार करे।

(vi) मौजूदा अनुसूची 4.6.2., निर्यात/आयात कार्गो हेतु विलंब प्रभार निर्धारित करती है और निर्धारित दरें समान है। आयात सामान्य/परियोजना कार्गो पर विलंब शुल्क प्रभार से संबंधित अनुसूची 4.6.2. (ख) शामिल करने के वर्तमान प्रस्ताव में प्रस्तावित सुधार के फलस्वरूप वर्तमान दरमान में अनुसूची 4.6.2. का शीर्षक, "निर्यातयात/ आयात कार्गो पर विलंब प्रभार" "आयात सामान्य/परियोजना कार्गो को छोड़कर निर्यात/आयात कार्गो हेतु विलंब प्रभार" के रूप में संशोधित किए जाने के लिए प्रस्तावित है। इसके अलावा अनुसूची क्र. सं. 4.6.2. रहने देने के बजाय बदल कर क्र. सं. 4.6.2.(क) करते हुए प्रस्तावित संशोधन को अनुमति दे दी।

(vii) (क) दिनांक 31 जनवरी, 2013 का अपना प्रस्ताव दाखिल करते समय वीपीटी ने बताया है कि पत्तन ने, उन पोत-लदानों के लिए सामान्य और परियोजना कार्गो पर अर्थ दंड का प्रस्तावित 5 गुना और 10 गुना दंड प्रभार लगाने का प्रस्ताव करते हुए जो (गोदी क्षेत्र में) आगमन की तिथि से 26वें दिन के भीतर निकासी (क्लियर) नहीं कर दिये जाते हैं। साथ-साथ परिपत्र सं. 366 दिनांक 31 जनवरी, 2013 जारी किया है और (पत्तन ने) परिपत्र के जारी किए जाने की तिथि 31 जनवरी, 2013 से, कन्साइन्मेंट को गोदी क्षेत्र से निकासी करने के लिए एक सप्ताह का समय देते हुए, इसे 1 अगस्त, 2012 के पिछले प्रभाव से लागू कर दिया है। तद्नंतर, कार्गो हटाने के लिए समय का विस्तार (और अधिक समय) मांगने वाले और 1 अगस्त, 2012 से, पिछले प्रभाव से प्रस्तावित लेवी पर आपत्ति करने वाले उपयोक्ताओं के अनुरोध पर संबंधित उपयोक्ताओं के साथ एक और बैठक आयोजित करने के बाद, वीपीटी ने गोदी क्षेत्र से कार्गो की निकासी के लिए 15 अप्रैल, 2013 तक का समय देते हुए एक और परिपत्र सं. 366-ए दिनांक 22 मार्च, 2013 जारी किया है। इसके बाद, वीपीटी ने उपयोक्ताओं के अनुरोध पर दिनांक 7 मई, 2013 के परिपत्र के माध्यम से, 05 जून, 2013 तक उसी की लेवी को और आगे स्थगित कर दिया है। उपयोक्ताओं की टिप्पणियों से यह दिखाई देता है कि वीपीटी ने 5 जून, 2013 से तदर्थ-आधार पर प्रस्तावित दंड प्रभार लगाना शुरू कर दिया है।

(ख) 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की धारा 2.17.1. से 2.17.3. के अनुरूप जब किसी सेवा / कार्गो हेतु अधिसूचित दरमान में यदि कोई विशिष्ट प्रशुल्क उपलब्ध नही है, तब पत्तन एक उपयुक्त प्रस्ताव दाखिल कर सकता है। प्रस्ताव दाखिल किए जाने के साथ-साथ, प्रस्तावित दर की वसूली दर अंतिम रूप से अधिसूचित किए जाने तक तदर्थ आधार पर की जा सकती है। अंतरिम अवधि के दौरान प्रचलित की जाने वाली तदर्थ दर अधिसूचित तुलनात्मक सेवाओं / कार्गो के प्रशुल्क के आधार पर प्राप्त की गई होनी चाहिए; और, इस (दर) पर पत्तन / टर्मिनल और सम्बद्ध उपयोगकर्त्ताओं के बीच परस्पर सहमति भी होनी चाहिए। 2005 के प्रशुल्क मार्गदर्शियों की अनुसूची 2.17.4. अनुबंध करती है कि अनुमोदित दर सामान्यतया भावी प्रभाव से लागू की जाएगी और तदर्थरूप से अपनाई गई अंतरिम दर इस प्राधिकरण द्वारा मान्य की जाएगी, जबतक कि यह (दर) अत्यधिक न पाई जाए।

चूंकि वीपीटी का प्रस्ताव में, गोदी क्षेत्र के परिसर से आयात सामान्य कार्गो/आयात परियोजना कार्गो नहीं हटाए जाने पर वसूल किए जाने हेतु वीपीटी द्वारा प्रस्तावित अर्थ दंड प्रभारों के लिए उपयोक्ताओं की सहमति शामिल नहीं थी, वीपीटी से मार्गदरहियों का अनुपालन करने और सम्बद्ध उपयोगकर्त्ताओं की सहमति प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया था।

इस संदर्भ में, वीपीटी ने कहा है जैसाकि विचाराधीन प्रस्ताव अर्थ दंड लगाने के लिए है, (इसलिए) व्यापार जगत इसका विरोध करेगा और इसलिए उनकी सहमति प्राप्त करना संभव नहीं हो सकता है। वीपीटी का यह विश्वास है कि यदि अर्थ दंड नहीं लगाया जाएगा तो, भीड़भाड़ कम करने के लिए कार्गो त्वरित गति से निकाला नही जाएगा।

(ग) इसके पहले बताई गई स्थिति से देखा गया है कि वीपीटी ने सारे प्रयास करके देख लिए और व्यापार जगत को अपने कार्गो को हटाने के लिए पर्याप्त समय और अवसर दिये हैं। इसने संबंधित उपयोक्ताओं के साथ उनका कार्गो हटाए जाने के प्रसंग में छः बैठक ली थी । वीपीटी ने, यह दर्शाते हुए कि उपयोगकर्त्ताओं ने पत्तन से अपने कार्गो हटाए जाने के लिए उनके साथ ली गई बैठकों में उनके ही द्वारा दिये गए आश्वासनों के बावजूद, अपने कार्गो हटाने हेतु कोई प्रयास किया है, कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया है। कार्गो की नीलामी करने हेतु विशाखापत्तनम् कस्टमहाऊस एजेंट्स एसोसिएशन (वीसीएए) द्वारा दिये गये सुझाव के संदर्भ में, वीपीटी ने स्पष्टीकरण दिया है कि इस विकल्प का उपयोग भी किया गया था किंतु सम्बद्ध उपयोक्ता द्वारा दाखिल किये गये आयात आवेदन जैसे प्रासंगिक दस्तावेजों के अनुपस्थिति में, पत्तन द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई नही की जा सकी।

यह भी देखा जा सकता है कि दिनांक 12 जुलाई, 2012, 20 जुलाई, 2012 और 1 अगस्त, 2012 को पत्तन की गोदी क्षेत्र में लंबे समय से पड़े हुए कार्गो हटवाने के लिए पत्तन ने उपयोक्ताओं से श्रृंखलाबद्ध

बैठकें न ली थीं। इसके साथ-साथ प्रस्तावित अर्थ दंड की वसूली हेतु दिनांक 31 जनवरी, 2013 के अपने प्रस्ताव को दाखिल करने के साथ ही, पत्तन उपयोक्ताओं से कार्गो नही हटाए जाने पर वसूल किए जाने हेतु प्रस्तावित अर्थ दंड के बारे में उन्हें नोटिस भी देता रहा है, जिसे उपयोक्ताओं के अनुरोध पर वीपीटी जिसकी समय सीमा बढ़ाता रहा है। वीपीटी ने, सीमाशुल्क बंधित क्षेत्र (गोदी क्षेत्र) के बाहर खुला स्टेकिंग क्षेत्र परियोजना/सामान्य कार्गो के आयातकों को देने का प्रस्ताव किया है ताकि वे अपने कार्गो को गोदी क्षेत्र से हटाकर और सीमाशुल्क की निगरानी में उस क्षेत्र में रख सकें। दिनांक 20 सितंबर, 2013 को आयोजित संयुक्त सुनवाई में इस स्थिति के बारें में पूछे जाने पर, वीपीटी ने कहा है कि पत्तन द्वारा उपयोक्ताओं को अपने कार्गो को हटाने के लिए महीनों से लगातार समझाए जाने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नही हुआ है।

इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि वीपीटी द्वारा जून 2012 से आयात सामान्य कार्गो और परियोजना कार्गो की त्वरित निकासी हेतु किए गए सभी प्रयासों के बावजूद, यह दिखाई नहीं देता कि व्यापार जगत ने अपने कार्गो हटाने हेतु कोई गंभीर प्रयास किया हो ताकि पत्तन को बाद के पोतों से उतारे गए कार्गो को रखने के लिए पत्तन का बहुमूल्य गोदी क्षेत्र उपयोग करने हेतु मिल सके। तात्कालिक प्रकरण में व्यापार जगत का रवैय्या सुस्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि मार्गदर्शियों की आड़ में व्यापार जगत वीपीटी में भीड़भाड़ (खिचपिच) बढ़ा रही है जिसके परिणामस्वरूप पत्तन को राजस्व का नुक्सान हो रहा है।

यहां यह उल्लेख करना प्रासंगिक होगा कि पत्तन आयात एवं निर्यात के लिए सुविधाएं प्रदान करता है और पत्तन प्रचालनों के लिए पारगमन क्षेत्र बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसलिए, नि:शुल्क अवधि के बाद भी इस (क्षेत्र) का उपयोग व्यापार जगत द्वारा लंबे समय के लिए स्टेकिंग/भंडारण क्षेत्र के रूप में किया जाना पत्तन के प्रदर्शन पर, (कार्गो के) परिमाण और पत्तन के राजस्व के नजरिए से, विपरीत प्रभाव डाल रहा है । इस प्रकरण में असाधारण हालतों को देखते हुए, यह प्राधिकरण, पत्तन द्वारा व्यापार जगत को जारी किए गए दिनांक 7 मई, 2013 के परिपत्र के अनुसार, 5 जून, 2013 से प्रस्तावित प्रभार तदर्थ आधार पर लगाए जाने हेतु पत्तन द्वारा की गई कार्रवाई का, समर्थन करता है। अतिशय सावधानी बरतते हुए सभी संबद्ध नोट करले कि 2005 के मार्गदर्शियों की धारा 2.17.1. से 2.17.3। तक के प्रावधानों का अनुपालन किए बिना तदर्थ आधार पर पत्तन न्यास/प्रचालक द्वारा लगाई गई दर हेतु समर्थन/अनुसमर्थन मांगने के लिए वीपीटी अथवा किसी अन्य महापत्तन न्यास द्वारा किसी अन्य प्रकरण में इसे पूर्व-उदाहरण के रूप में उद्धृतन किया जाए।

(viii) (क) आमतौर पर, इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दर भारत का राजपत्र में आदेश को अधिसूचित किए जाने की तिथि से तीस दिन बीत जाने के बाद प्रभाव में आती है । तथापि, संदर्भित परकरण में, यह देखते हुए कि उपयोगकर्त्ता/व्यापार जगत ने वीपीटी द्वारा आवश्यक सभी कदम उठाने और परिपत्र जारी करने के बावजूद कार्गो नहीं हटाया है, यह आदेश देना अनुचित नहीं होगा कि प्रस्तावित संशोधन (इस) आदेश के भारत का राजपत्र में अधिसूचित किए जाने की तिथि से ही तुरंत कार्यान्वित हो जाएगा।

(ख) इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित दरमान की वैधता तीन साल है। तात्कालिक प्रकरण में अनुमोदित प्रशुल्क, वीपीटी के प्रचलित दरमान में और साथ ही वीपीटी के संशोधित दरमान में, जिस पर एक पृथक प्रकरण के जरिए कार्रवाई की जा रही है, शामिल किया जाएगा। इसलिए, यह उचित ही है कि इस प्रशुल्क मद की वैधता को, वीपीटी द्वारा दाखिल किए गए सामान्य संशोधन प्रस्ताव में जिस पर अलग से कार्रवाई की जा रही हैं, अनुमोदित (किए जाने वाले) संशोधित दरमान की वैधता के साथ, समाप्त किया जाए।

11.1 परिणामस्वरूप और ऊपर दिये गए कारणों से और सामूहिक विचार विमर्श के आधार पर, यह प्राधिकरण (निम्नलिखित) को अनुमोदन प्रदान करता है:

(i) अनुसूची 4.6.1. क्रम सं. 1(ii) पर प्रविष्टि पारगमन आवास में नि:शुल्क भंडारण अवधि को निम्नप्रकार से संशोधित करें:

"ii. परियोजना कार्गो 20 दिन"

(ii) वीपीटी के प्रचलित दरमान में अनुसूची 4.6.2. के शीर्षक और क्रम संख्या को निम्नप्रकार से पुनर्स्थापित करें:

"4.6.2.(क) विलंब शुल्क प्रभार "आयात सामान्य कार्गो/आयात परियोजना कार्गो को छोड़कर"

(iii) आयात सामान्य कार्गो/आयात परियोजना कार्गो पर विलंब शुल्क प्रभार से संबंधित अनुसूची 4.6.2. (ख) को निम्नप्रकार से डाले:

"4.6.2.(ख) आयात सामान्य कार्गो/आयात परियोजना कार्गो पर विलंब प्रभार:

क्र. सं.	**सामान्य कार्गो**	**परियोजना कार्गो**	**विवरण**
1.	1ले दिन से 5वें दिन तक	1ले दिन से 20वें दिन तक	दरमान के अनुसार नि:शुल्क अवधि
2.	6टें दिन से 25वें दिन तक	21वें दिन से 26वें दिन तक	दरमान की अनुसूची 4.6.2. (क) में प्रदत्त दरों का एक गुना वसूल किया जाएगा।
3.	26वें दिन से 40वें दिन तक	27वें दिन से 40वें दिन तक	दरमान की अनुसूची 4.6.2. (क) में प्रदत्त दरों का 5 गुना।
4.	41वें दिन से और आगे के लिए	41वें दिन से और आगे के लिए	दरमान की अनुसूची 4.6.2. (क) में प्रदत्त दरों का दस गुना।

"

(iv) दिनांक 7 मई, 2013 को व्यापार जगत को जारी किये गये परिपत्र के अनुसार प्रस्तावित अर्थ दंड प्रभारों को तदर्थ आधार पर 5 जून, 2013 से वसूल किए जाने की वीपीटी का अनुसमर्थन करना।

11.2. इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित आदेश राजपत्र में आदेश को अधिसूचित किए जाने की तिथि से तुरंत प्रभाव में आ जाएगा।

11.3. वीपीटी को सलाह दी जाती है कि वह उपरोक्त संशोधनों को वीपीटी के प्रचलित दरमान में तदनुसार शामिल करें ।

टी.एस. बालासुब्रमणियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन III/4/असाधारण/143/14]

TARIFF AUTHORITY FOR MAJOR PORTS

NOTIFICATION

Mumbai, the 13th June, 2014

No.TAMP/9/2013-VPT.—In exercise of the powers conferred by Sections 48, 49 and 50 of the Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963), the Tariff Authority for Major Ports hereby disposes of the proposal received from the Visakhapatnam Port Trust for levy of penalty for non-removal of Import General Cargo / Project Cargo from the premises of Dock Area as in the Order appended hereto.

Tariff Authority for Major Ports
Case No. TAMP/9/2013-VPT

Visakhapatnam Port Trust - - - Applicant

QUORUM:

(i). Shri. T.S. Balasubramanian, Member (Finance)
(ii). Shri. C.B. Singh, Member (Economic)

O R D E R

(Passed on this 20th day of May 2014)

This case relates to the proposal filed by the Visakhapatnam Port Trust (VPT) for levy of the penalty for non-removal of Import General Cargo / Project Cargo from the premises of Dock Area.

2.1. The VPT, vide its letter dated 31 January 2013 proposed levy of penalty for non-removal of import general and project cargo from the stacking area provided within the premises of the dock area. The main points made by the VPT in this regard are summarised below:

(i) The port users who handle import general cargo / project cargo have been advised to evacuate the said cargo from the stacking area provided within the premises of the dock area at the earliest.

(ii) Non-clearance of such cargo has resulted in congestion and affected movement of heavy vehicles plying inside the dock area. As on date the ground stock of import general cargo / project cargo is 7,350 pkgs/ 36,420 mts.

